Alberta

समाचार विज्ञप्ति

एल्बर्टा में COVID-19 के टीके जल्द ही खत्म हो जाएँगे

जनवरी 18, 2021 मीडिया पूछताछ

प्रीमियर जेसन केनी ने एल्बर्टा में टीकों की आपूर्ति के बारे में निम्नलिखित वक्तव्य जारी किया है:

"एल्बर्टा स्वास्थ्य सेवाओं (Alberta Health Services) ने आज तक पूरे प्राँत में पात्र स्वास्थ्य-देखभाल कर्मियों और अन्य कर्मचारियों तथा निरंतर देखभाल सुविधाओं के निवासियों को लगभग 90,000 खुराकें लगा दी हैं। हम COVID-19 टीकाकरण की गति में बड़े प्रांतों में सबसे आगे बने हुए हैं। यह एक सकारात्मक समाचार है।

"मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि टीकाकरण की पहली खुराक में प्राँत में स्थित सभी 357 दीर्घकालिक देखभाल सुविधाएँ और नामित समर्थन-प्राप्त आवासीय सुविधाएँ शामिल हैं।

"परंतु पिछले सप्ताह संघीय सरकार द्वारा घोषित आपूर्ति में अप्रत्याशित बाधा के कारण एल्बर्टा के पास आज दिन के अंत तक या कल सुबह तक पहली खुराक के टीके खत्म हो जाएँगे।

"इसलिए पहली खुराक के लिए अब कोई भी नए एपॉइंटमेंट नहीं दिए जाएँगे और सीमित आपूर्ति को समायोजित करने के लिए पहले बुक किए गए पहली खुराक के कुछ एपॉइंटमेंटों को आने वाले दिनों में फिर से निर्धारित किया जाएगा। जिन एपॉइंटमेंटों के लिए प्रतिबद्धता दी गई थी, उनके लिए दूसरी खुराक देने के उद्देश्य से बाकी खुराकों को आवंटित कर दिया गया है।

"हमारे टीकाकरण कार्यक्रम के शुरू होने के बाद जैसा कि मैंने कई बार कहा है, एल्बर्टावासियों को उनकी आवश्यकता के टीके लगाने की हमारी क्षमता हमारे पास उपलब्ध टीके की खुराकों की सँख्या तक ही सीमित है। इस परिस्थिति को देखकर निराशा होती है, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और इज़रायल जैसे अन्य देशों को कहीं अधिक सँख्या में टीके प्राप्त हुए हैं।

"इस समय हम जिस परिस्थिति का सामना कर रहे हैं, उसे देखकर मैं बहुत निराश हूँ। 15 जनवरी को मिला समाचार कि आने वाले सप्ताहों में फ़ाइजर शिपमेंट में 20 से 80 प्रतिशत की कटौती की जाएगी, हमारी हताशा को और भी अधिक बढ़ाता है और इसका मतलब है कि हमें अपनी टीकाकरण योजना को काफी अधिक धीमा करना पड़ा है।

संबंधित जानकारी

समाचार सम्मेलन देखें
समाचार सम्मेलन की फोटो देखें
(आयोजन के बाद उपलब्ध होंगी)

मीडिया पूछताछ

क्रिस्टीन मायट
780-446-2179
संचार उप निदेशक/प्रेस सचिव,
प्रीमियर कार्यालय
(Deputy Director of Communications/Press Secretary, Office of the Premier)

“वर्तमान में एल्बर्टा के पास प्रति सप्ताह 50,000 खुराकें देने की क्षमता है। मार्च में हम प्रति सप्ताह लगभग 200,000 खुराकों का प्रबंध करने में समर्थ होने की उम्मीद करते हैं। लेकिन हमारे पास इसके अनुरूप आपूर्ति उपलब्ध नहीं है। दुर्भाग्य से इसका अर्थ है कि प्रथम राष्ट्रों और मेटिस लोगों तथा 75 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के लिए नियोजित टीकाकरण को स्थगित कर दिया गया है।

“मैं एल्बर्टावासियों को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि इस झटके के बावजूद भी हम तुरंत आगे बढ़ने करने के लिए तैयार बने हुए हैं और खुराकों की पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध होने के बाद हम रिकॉर्ड सँख्या में टीके लगाने में सक्षम होंगे। जिन लोगों को टीके की सबसे अधिक आवश्यकता है, उन्हें टीके लगाने के अपने प्रयासों के प्रति हम कृतसँकल्प हैं।”